**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 5131**
**सोमवार, 4 अप्रैल, 2022/14 चैत्र, 1944 (शक)**

**कोचिंग-व्यावसायिक मार्गदर्शन और प्रशिक्षण**

**5131. एडवोकेट डीन कुरियाकोसः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के नौकरी चाहने वाले व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय कॅरिअर सेवा केंद्रों के अंतर्गत कोचिंग, व्यावसायिक मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लोगों का ब्यौरा है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की केरल राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बहुल जनसंख्या वाले जिलों में कोई नया राष्ट्रीय कॅरिअर सेवा केंद्र शुरू करने की कोई योजना है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार इडुक्की में एक नया राष्ट्रीय करिअर सेवा केंद्र शुरू करेगी, जहां काफी संख्या में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की आबादी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क): अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा केंद्रों के तहत कोचिंग/व्यावसायिक मार्गदर्शन/प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की राज्य-वार संख्या अनुबंध में दी गई है।

(ख) से (घ): केरल राज्य के त्रिवेंद्रम में पहले से ही अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा केंद्र (एनसीएससी) स्थापित किए जा चुके हैं। वर्तमान में, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हेतु एनसीएससी के नेटवर्क के तहत 25 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कवर किया गया है और इन राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रत्येक में एक केंद्र है।

*****

अनुबंध

लोक सभा के दिनांक 04.04.2022 के अतारांकित प्रश्न संख्या 5131 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हेतु एनसीएससी का नाम | कोचिंग/व्यावसायिक मार्गदर्शन/प्रशिक्षण प्राप्त अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों की संख्या (28.02.2022 तक) |
|---|---|---|---|
| 1 | मिजोरम | आइजोल | 2135 |
| 2 | कर्नाटक | बैंगलोर | 4587 |
| 3 | भुवनेश्वर | भुवनेश्वर | 3440 |
| 4 | तमिलनाडु | चेन्नई | 5703 |
| 5 | दिल्ली | दिल्ली | 6721 |
| 6 | असम | गुवाहाटी | 3057 |
| 7 | हरियाणा | हिसार | 7660 |
| 8 | तेलंगाना | हैदराबाद | 4700 |
| 9 | मणिपुर | इंफाल | 2937 |
| 10 | मध्य प्रदेश | जबलपुर | 6203 |
| 11 | राजस्थान | जयपुर | 5638 |
| 12 | पंजाब | जालंधर | 2318 |
| 13 | जम्मू | जम्मू | 2576 |
| 14 | मेघालय | जोवाई | 3421 |
| 15 | उत्तर प्रदेश | कानपुर | 10102 |
| 16 | नागालैंड | कोहिमा | 3750 |
| 17 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता | 4693 |
| 18 | हिमाचल प्रदेश | मंडी | 3642 |
| 19 | महाराष्ट्र | नागपुर | 12440 |
| 20 | अरुणाचल प्रदेश | नाहरलगुन | 2203 |
| 21 | पुडुचेरी | पुदुचेरी | 4887 |
| 22 | झारखंड | रांची | 15420 |
| 23 | गुजरात | सूरत | 5502 |
| 24 | केरल | त्रिवेन्द्रम | 8291 |
| 25 | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम | 1710 |
| | | योग | 133736 |